तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025

10 नपा चेयरमैन ने किया गली का शिलान्यास



10 पीएम मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक फैसले लिए



## खबर संक्षेप

### दो बहनों पर फायरिंग का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** कालवा गांव में पांच दिन पहले दो बहनों की गोली मारकर हत्या करने का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने जामनी चौक से बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पिस्तौल बरामद करने समेत अन्य जानकारी हासिल की जाएगी।

### लोक निर्माण मंत्री कैथल में आज

**कैथल।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार सायं लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में गुरु दक्ष प्रजापति जयंती को लेकर समाज के लोगों की बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में मंत्री 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने वाली महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर निमंत्रण देंगे।

### दनौदा खुर्द में काटे अवैध कनेक्शन

**जींद।** दनौदा खूर्द में जल संरक्षण अभियान के तहत कनिष्ठ अभियंता गोविंद गोयल व बीआरसी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शुरू किया अवैध कनेक्शन काटने का अभियान पांचवें दिन भी जारी रहा। जाजवान में कनिष्ठ अभियंता संजीत व खंड समन्वयक दिनेश मालिक के नेतृत्व में अभियान शुरू किया गया। दनौदा खुर्द में बीआरसी ने विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को पानी जरूरत के हिसाब से लेने पर जोर दिया।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। गांव दीवाल के टेकचंद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 जून को पोली, अफसर, गुरमीत, जंगसीर, सुभाष और आशीष ने मिलकर उसके 20 बच्चे बेटे दीपक का रास्ता रोकते उसे पर थप्पड़ मुक्के और लातों से हमला करते उसे घायल कर दिया।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत जागरूकता अभियान सफीदों के वार्ड नंबर 4, 5, 6, टैक्सी स्टैंड, ट्रक यूनियन कार्यालय, बस अड्डा, आईटीआई खेमावती व गांव कारखाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएसपी गौरव शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से खोखला कर देता है। केवल एक व्यक्ति का ही नही बल्कि परिवार व समाज का विनाश करता है।

### चरस बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। वर्ष 2023 दौरान 202 ग्राम चरस बरामदगी मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम ने कपूरी जिला सहारनपुर यूपी निवासी संजय को गिरफ्तार कर लिया गया।

### गांव साकरा में मारपीट में मां-बेटा घायल, केस

**कैथल।** गांव साकरा में हुई मारपीट में मां बेटा घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव साकरा के मनीष ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 को गांव के ही गुलाब, रिंकू, रोशन, सोहन और प्रदीप ने मिलकर लाठी व डंडों से मारपीट करते उसे उसकी मां को घायल कर दिया।

### बाइक की चपेट में आने से बच्चा घायल

**राजौंद।** कस्बा में बाइक की चपेट में आने से 8 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। राजौंद के रवि राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 जून को जब उसका 8 वर्षीय बेटा दीपांशु गली से जा रहा था तो अज्ञात बाइक चालक ने बाइक तेज चलते 8 वर्षीय बैठे दीपांशु को चपेट में लेकर घायल कर दिया।

---

*चीका नगर पालिका में सियासी संग्राम*

# नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तीन जुलाई को
## 3 पार्षदों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद बदले हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगर पालिका चीका की वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा को हटाने की विपक्षी कवायद पर फिलहाल संशय के बादल मंडराने लगे हैं। वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को पारित कराने के लिए 12 पार्षदों के समर्थन की आवश्यकता है, और विपक्षी गुट 12 पार्षदों का समर्थन होने का दावा करता रहा है। लेकिन दो दिन पहले तीन पार्षदों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद यह संदेह गहरा गया है कि क्या वे मतदान में शामिल होंगे भी या नहीं। इनमें से एक पार्षद पर विजिलेंस ने मामला दर्ज कर लिया है, जबकि अन्य दो की जांच जारी है।

**सच्चाई सामने आने में समय लगेगा**

उधर, विपक्षी नेता तरसेम गोयल का कहना है कि तीनों पार्षद बैठक में भाग लेंगे और मतदान भी करेंगे। उनका तर्क है कि फिलहाल केवल आरोप लगे हैं, सच्चाई सामने आने में समय लगेगा। अविश्वास प्रस्ताव की बैठक 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे नगर पालिका कार्यालय, चीका में होनी है। इसलिए बदली रणनीति नगर पालिका अध्यक्ष को, जो सीधे जनता द्वारा चुना जाता है, हटाने के लिए कम से कम 14 पार्षदों का विरोध में मतदान आवश्यक है। जबकि वाइस चेयरपर्सन, जिसे पार्षदों द्वारा चुना जाता है, उसे हटाने के लिए केवल 12 पार्षदों का समर्थन पर्याप्त होता है। इसी अंतर को ध्यान में रखते हुए विपक्ष ने चेयरपर्सन की बजाय पहले वाइस चेयरपर्सन को हटाने की रणनीति बनाई।

**जुटे थे चेयरपर्सन को हटाने के लिए, फिर बदली रणनीति**

करीब छह महीने पहले असंतुष्ट पार्षदों ने पालिका चेयरपर्सन रेखा रानी को हटाने के प्रयास शुरू किए थे। उस समय उनके साथ 9 पार्षद थे, जो बाद में बढ़कर 12 हो गए। लेकिन चूंकि चेयरपर्सन को हटाने के लिए 14 पार्षदों की जरूरत थी, विपक्षी गुट ने वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा को अपने पाले में लाने की कोशिश की। जब उन्होंने पाला बदलने से इनकार कर दिया, तो विपक्षी पार्षद उनके खिलाफ भी हो गए और चेयरपर्सन की बजाय वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आए।



**सत्ता पक्ष की रणनीति तेज**

अविश्वास प्रस्ताव को विफल करने के लिए सत्ता पक्ष भी पूरी तरह सक्रिय है। विपक्षी पार्षदों को तोड़ने की कोशिशों के साथ-साथ आरोपित पार्षदों पर दर्ज मामलों में त्वरित कार्रवाई करवाकर उन्हें बैठक से दूर रखने की योजना बनाई गई है।

**स्थिति वहीं की वहीं रह जातीः सीड़ा**

विपक्षी पार्षदों के अग्रणी नेता दलबीर सिंह सीड़ा ने बताया कि चेयरपर्सन को हटाने के लिए उन्हें सिर्फ दो अतिरिक्त पार्षदों की जरूरत थी, जिनका समर्थन वे जुटा चुके थे। लेकिन अगर चेयरपर्सन हटती तो कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी कानूनन वाइस चेयरपर्सन को मिल जाती और स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आता। इसलिए पहले वाइस चेयरपर्सन को हटाकर अपने गुट से किसी को इस पद पर लाने की रणनीति बनाई गई। उसके बाद चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की योजना है।

**विवादित पार्षदों से संपर्क नहीं**

भ्रष्टाचार के आरोपों की जद में आए वार्ड 14 के पार्षद जितेंद्र कुमार और वार्ड 9 के पार्षद राजेश ठाकुर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों के फोन बंद मिले और वे अपने-अपने संस्थानों से भी अनुपस्थित पाए गए।

---

### रात को चेहरा ढांपे लोगों ने घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम

# रंजिश के चलते दिन में कहासुनी, रात के अंधेरे में व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

**पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर आठ-दस अन्य पर दर्ज किया मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव भिड़ताना में बीती रात रंजिश के चलते तेजधार हथियार तथा डंडों से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर आठ-दस अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भिड़ताना निवासी रणबीर तथा नरेश परिवार के बीच रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते सोमवार सुबह नरेश परिवार के जयभगवान की रणबीर के साथ कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला शांत हो गया। बीती देर रात को रणबीर अपने परिवार के साथ मकान में सोया था। उसी दौरान चेहरा ढांपे गाड़ी में सवार होकर हथियारों से लैस लोग दीवार रणबीर के घर में घुस आए और हमला कर दिया। जिसमें रणबीर तथा उसके छोटे भाई रणधीर को गंभीर चोटें आई। जबकि अन्य परिवार के लोगों ने छुप कर जान बचाई। जब तक अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।



**जींद।** शव का पोस्टमार्टम करने आए परिजन व मृतक के शव के पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

परिजनों ने दोनों भाइयो को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान रणबीर की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भतीजे शिवकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही जयभगवान परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते देर रात को गांव के ही नरेश, राजेश समेत आठ दस व्यक्ति घर में घुस आए। सभी ने



चेहरे ढांपे हुए थे। आरोपितों के पास तेजधार हथियार, डंडे, अवैध असलहा था। आरोपितों के हमले से उसके ताऊ रणबीर की मौत हो गई। जबकि उसके पिता रणधीर को चोटें आई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिव कुमार की शिकायत पर नरेश तथा राजेश को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लड़की के लव मैरिज को लेकर रंजिश**

बताया जाता है कि लगभग छह माह पहले आरोपित नरेश पक्ष की लड़की ने घर से भाग कर मृतक रणबीर के बेटे के साले से लव मैरिज कर ली थी। नरेश पक्ष को यह मंजूर नही था। जिसके बाद से आरोपित नरेश पक्ष रणबीर परिवार से खफा था। उसी के चलते दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते नरेश परिवार तथा मृतक रणबीर परिवार के बीच रंजिश पैदा हो गई। सोमवार दोपहर बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी फिर से हो गई। उसी रंजिश के चलते आरोपितों ने रात को रणबीर के घर में घुस कर हमला कर वारदात को अंजाम दे दिया। पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी रामअवतार ने बताया कि मृतक के भतीजे की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही है।

---

# व्यक्ति को कार से उतार बेरहमी से किया कत्ल

- रंजिश के चलते कार सवार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव सफाखेड़ी के निकट बीती रात रंजिश के चलते कार सवार युवकों ने कार सवार व्यक्ति पर तेजधार हथियार तथा डंडो से हमला कर हत्या कर दी। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर पांच-छह अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी राजू (40) बीती देर शाम अपने दोस्तों के साथ गांव सफाखेड़ी अन्नू के खेत में टयूबवैल पर गया हुआ था। देर रात को जब वह गाड़ी से अपने दोस्तों के साथ पास लौट रहा तो गांव सफाखेड़ी माइनर की पटरी पर गाड़ी सवार गांव सफाखेड़ी निवासी छोटू, मनदीप तथा उसके दोस्तों ने राजू की गाड़ी का रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने राजू को गाड़ी से नीचे उतार लिया और बिंडो, डंडो तथा तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। गाड़ी राजू के साथियों ने उसे नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।



**छापेमारी जारी**

उचाना थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

मृतक के चचेरे भाई पटेल नगर नरवाना निवासी दिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई राजू गाडियों की बुकिंग करता था। राजू की कुछ दिन पहले गांव सफाखेड़ी निवासी आरोपित छोटू के पिता शमशेर से कहासुनी हो गई थी। जिसके कारण आरोपित राजू से रंजिश रखे हुए थे। गत 22 जून को वह चंडीगढ़ गया था। बीती देर शाम वह अपने दोस्तों के साथ गांव तारखां खेत में चला गया था। वापसी के दौरान गांव सफाखेड़ी निवासी छोटू तथा मनदीप ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर राजू पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। उचाना थाना पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर छोटू तथा मनदीप को नामजद कर पांच-छह अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# विभिन्न मामलों में 39 आरोपित दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को माननीय पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार समस्त हरियाणा में अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। जिसके तहत जिला कैथल पुलिस ने एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अथक प्रयास करते विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 39 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी आस्था मोदी के निर्देश पर सभी अपराध



**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस द्वारा काबू किया गया पीओ आरोपी।

**हजारों की राशि बरामद**

जुआ, सट्टा खाईवाली करने वालो पर भी कार्रवाई करते एक आरोपी को काबू कर 5020 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई। अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए एक मामले में 1 आरोपी को काबू करके 1 देशी कट्टा व 2 कारतुस बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त 10 भगोड़े आरोपियो व 12 नॉन बेलेबल वारंट व 3 एरेस्ट वारंट वाले आरोपियों भी काबू किया गया।

जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 84 टीमों का गठन किया। जिसमें 312 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते अलग अलग शीर्षक के 18 मामले दर्ज किए गए। जिनमें आबकारी अधिनियम के 16 मामलों में 16 आरोपी काबू कर 187 बोतल देसी, 50.75 बोतल हथकढी, 24 बोतल बीयर व 550 लीटर लाहण बरामद किया गया है।

---

# निजी बैंक कर्मचारी का अपहरण, पुलिस ने छुड़ाया
## असलहा के बल पर दिया वारदात को अंजाम, चार आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना-टोहाना मार्ग पर गांव धरौदी तथा लोन के बीच बीती रात कार सवार व्यक्ति का कुछ लोगों ने असलहा के बल पर अपहरण कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकेबंदी कर चार आरोपितों को काबू कर अपहृत छुडवा लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने पकड़े गए चारों आरोपितों के खिलाफ अपहरण, मारपीट करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव धमतान साहिब निवासी दीपक ने

**आरोपितों से पूछताछ जारी**

गढ़ी थाना के जांच अधिकारी संजीव ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई थी। अपहृत को छुड़वा लिया गया था। रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया था। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस दी शिकायत में बताया कि वह नरवाना कोटक महेंद्रा बैंक मे आरएम के पद पर कार्यरत है। बीती देर शाम को वह अपनी गाड़ी से घर लौट रहा था। जब वह नरवाना-टोहाना मार्ग पर गांव लौन तथा धरौदी के बीच पहुंचा तो कार सवार लोगों ने उसकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया। हालातों को देख उसने सूचना परिजनों को दे दी। कार से असलहा तथा बिंडो के साथ उतरे अज्ञात युवकों ने उसे गाड़ी से नीचे उतार लिया। आरोपितों ने मारपीट करते हुए अपनी गाड़ी में डाल लिया। जिसके बाद आरोपितों ने गाड़ी में बंधक बना कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपित उसे गाड़ी में इधर-उधर घुमाते रहे। आरोपितों ने उसकी वीडियो भी बनाई। जब आरोपित उसे गाड़ी में गांव धरौदी से गांव कर्मगढ़ की तरफ लेकर जा रहे थे। उसी दौरान पुलिस पार्टी ने गाड़ी को घेर लिया और चारों आरोपितों को काबू कर उसको अपहरण करने वालों के कब्जे मुक्त करा लिया। अपहरण करने वाले गांव पाई कैथल के बताए जा रहे हैं। अपहरण के पीछे रंजिश बताई जा रही है। गढी थाना पुलिस ने दीपक की शिकायत पर पकड़े गए चारों युवकों के खिलाफ अपहरण करने, मारपीट करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

---

### बस को किया इम्पाउंड, साढ़े 26 हजार रुपये लगाया जुर्माना

# बगैर रूट परमिट के सवारियां ढोते बस पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा आरटीए विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बिना रूट परमिट की बस को सवारियां ले जाते काबू किया है। चालक तथा परिचालक बिना वर्दी के मिले। आरटीए विभाग ने बस को इम्पाउंड कर साढ़े 26 हजार रुपये जुर्माना किया है। आगामी कार्रवाई आरटीए विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना मेला मंडी से वाया सुंदरपुर सुरबूरा के बीच बिना परमिट



**जींद।** कार्रवाई करते टीम। फोटो :हरिभूमि

के बस चल रही है। जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें आरटीए विभाग के इंसपेक्टर सन्नी को भी शामिल किय गया। टीम ने हिसार रोड बाइपास से पहले

**रिपोर्ट बना मुख्यालय भेजी**

सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट बना मुख्यालय को भेज दी है। आरटीए विभाग के इंसपेक्टर सन्नी ने बताया कि बस बिना रूट परमिट के चल रही थी। जिसको इम्पाउड कर लिया है। साथ ही साढ़े 26 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

प्राइवेट बसों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद नरवाना वाया सुंदरपुर-सुरबूरा बोर्ड लगी बस वहां पर आई। जिसमें सवारियां भरी हुई थी। संयुक्त टीम ने बस को रूकवा कर दस्तावेज मांगे। जिसमें बस चालक रूट परमिट दिखाने में नाकाम रहा। जबकि चालक तथा परिचाल बिना वर्दी के पाए गए। परिचालक के पास कंडक्टर लाइसेंस भी नही पाया गया। जिस पर टीम मे शामिल आरटीए विभाग ने बस को इम्पाउंड कर लिया और बस मालिक को 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। चालक तथा परिचालक के बिना वर्दी तथा परिचालक पर लाइसेंस न पाए जाने पर उन्हें डेढ़ हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

---



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते ।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक

**कैथल।** लघु सचिवालय में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट 1989) के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक डीसी प्रीति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीसी प्रीति ने अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों को लेकर विस्तार से समीक्षा की और एक्ट को लेकर गठित कमेटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एक्ट तथा पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के तुरंत बाद जिला कल्याण अधिकारी को सूचित करें, ताकि पीड़ित को नियमानुसार सहायता प्रदान की जा सके। इसके साथ ही कोर्ट में चालान समय पर जमा करवाए और केस की मजबूती के साथ पैरवी करें। चालान जमा करवाने की सूचना भी जिला कल्याण अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें ताकि मुआवजा संबंधी प्रक्रिया पूरी की जा सके। वहीं जिला कल्याण अधिकारी निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### बिजली रेट बढ़ाने पर जताई नाराजगी

**जींद।** जजपा के जिला प्रवक्ता विकास जांगड़ा का कहना है प्रदेश सरकार ने बिजली के रेट चार गुना बढ़ाकर हरियाणा की जनता की कमर तोड़कर रख दी है। कहा कि सरकार ने उत्तर हरियाणा से इसकी शुरूआत कर दी है। इसे बाद में पूरे प्रदेश में लागू करेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच प्रमुख बीमारियों की उपचार सेवा हटा कर जनता को पहले ही मुख्यमंत्री जनता तोहफा दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव से पूर्व घोषणा पत्र में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को पक्का करने का वादा किया था।

### धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार के लिए आवेदन तीस तक

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेदिक विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन, नामांकन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए संस्थापित किए गए हैं जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं और जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना अपार योगदान दिया है।

### आरओ वाटर कूलर भेंट स्वरूप दिया

**नरवाना।** नरवाना के नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक के 118 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आरओ वाटर कूलर भेंट स्वरूप दिया जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को और इलाज के लिए आने वाले मरीजों को ठंडा और शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर बैंक के अधिकारीयों के साथ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेन्द्र बिंदलिशए डॉ मोहितए डॉ कपिल शर्माए डॉ मोनिकाए डॉ पंकज कालवन उपस्थित रहे।

### मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं पुण्यतिथि मनाई

**जींद।** शहर की स्कीम नंबर 19 स्थित ब्रह्मकुमारी सेंटर पर मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान सेंटर प्रभारी बीके विजय बहन ने उनकी फोटो पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने बताया कि मातेश्वरी का जीवन सादगी से भरा हुआ था। वो परमात्मा के महावाक्यों को ध्यानपूर्वक सुनकर अपने आचरण में लाती थी और दूसरों को अपने व्यवहार से प्रेरणा देती थी। उनके जीवन में रूहानियत दिव्यता ओर सत्यता का आकर्षण था। उन्होंने अपने जीवनकाल में सैंकड़ों लोगों को अच्छे रास्ते पर चलाया। अवसर पर बीके सुमन बहन बाला बहन नीलम मीना ने भी मातेश्वरी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### 29 को मचेगी नटराज उत्सव की धूम

**जींद।** आगामी 29 जून को शहर की अग्रवाल धर्मशाला में सृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित डांस कम्पीटीशन को लेकर सभी वर्ग के प्रतियोगियों विशेष कर युवा वर्ग में काफी उत्साह है। सृष्टि कार्यालय में डांस हेतु गाना जमा करवाने की 25 जून अंतिम तिथि है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार पहले यह कार्यक्रम मोती लाल स्कूल के आडिटोरियम में होना था लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था की कार्यकारिणी की बैठक में कार्यक्रम का स्थान अग्रवाल धर्मशाला तय किया गया है। डांस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख केपी सिंह ने बताया कि बेहतरीन डांस करने वाले कलाकार को सृष्टि स्टार ईनाम दिया जाएगा।

### सेवानिवृत कर्मियों को मिले लाभ, भेजा ज्ञापन

**जींद।** भारतवर्ष में सभी सेवानिवृत कर्मियों ने मंगलवार को जिला स्तर पर एकजुट होकर उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा। जिला प्रधान सत्यवान मुद्गिल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग परिभाषित किया है कि 2025 से पहले सेवानिवृत को लाभ नहीं मिलेगा। जोकि सभी का हक बनता है। इसलिए इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाएगा। अुर्जन सैनी, प्रेम बांगड़, ईश्वर सैनी आदि मौजूद रहे।

## बढ़ते कोरोना के मामले व मच्छरजनित रोगों के प्रति किया जागरूक

# बीमारियां रोकने को फील्ड में उतरा स्वास्थ्य अमला

### सरकार की हिदायतों की पालना करने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में कोरोना के बढ़ते मामलों तथा मच्छर जनित रोगों के अलावा गर्मी के मौसम में होने वाली डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शहर की दर्जन भर कालोनियों में घर-घर जाकर लोगों को इन बीमारियों से बचाने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को मच्छर जनित रोगों के अलावा गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी तथा कोरोना के बढ़ते मामलों से बचने के लिए सरकार की हिदायतों की पालना करने का आह्वान किया। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जहां दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए पानी साफ करने वाली हेलोजन की गोलियां, जिंक की टेबलेट तथा ओआरएस भी वितरित किए। जागरूकता अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर





जींद। ओआरएस के पैकेट वितिरत करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कोविड पोजिटिव लोगों के घरों में जाकर होम आईसोलेट किया और दवाइयों की किट भी उपलब्ध करवाई तथा उनको व उनके परिजनों को सरकार द्वारा जारी कोविड से बचाव के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को घर-घर जाकर बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलों आदि में गंदा पानी खड़ा नहीं होने दे। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे। सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तनों तथा हौदी को सुखा कर ही भरे तो डेंगूए मलेरियाए व चिकनगुनिया के अलावा डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी भयानक बीमारी से लोगो को बचाया जा सकता है। इसके अलावा जुखाम व खांसी होने पर तुरन्त जांच करवाएं और मास्क का प्रयोग करें। उन्होंने लोगों को बताया कि यदि बुखार आने, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आने, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच अवश्य करवाने के उपरांत ही इलाज लेना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि बताया कि जिस तरह पिछले सालो में कोरोना के अलावा डेंगू के डंक ने लोगो को सताया था, उससे सावधान रहते हुए सभी लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी गुरनाम, दिनेश, विनोद, शीला, सोनिया, राजरानी, सविता, सीता देवी, पूनम, अंजू, सुमन, राधा, उर्मिला, अश्मीनाए, शीला, मुकेश कुमारी, आरती आदि मौजूद रहे।

## नपा चेयरमैन ने किया गली का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने वार्ड पांच में वर्षों से गंदगी से अटी गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। डा. संजय ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्यों की कोई कमी नही रहने दी जाएगी। विकास के मामले में जुलाना काफी पिछड़ा हुआ था लेकिन अब जुलाना को किसी भी मामले में पीछे नही रहने दिया जाएगा।

डा. संजय ने कहा कि हाउस मिटिंग में 51 प्रस्ताव पास किए गए थे। जिनमें गलियों का निर्माण भी एक था। वार्ड पांच की गली की काफी समस्या आ रही थी। गली के निर्माण कार्य को शुरू करवा दिया गया है। गली के निर्माण पर 15 लाख रुपये की लागत आएगी। गली बनने से वार्ड के लोगों को काफी लाभ होगा। इस मौके पर बीके बहन सीमा, पार्षद संदीप, राहुल, अशोक, प्रदीप, रामनिवास, रोहताश आदि मौजूद रहे।



जुलाना। वार्ड पांच में गली का शिलान्यास करते चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा।



उचाना। कार्यभार संभालने पर डा. रणवीर कौशल का स्वागत करते हुए।

### डा. रणबीर ने संभाला प्राचार्य का कार्यभार

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के प्राचार्य के तौर पर मंगलवार को डा. रणवीर कौशल ने कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। प्राचार्य डा. कौशल का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 36 वर्ष का अनुभव रहा है। 30 वर्षो तक उन्होंने विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में अंग्रेजी विषय के प्राध्यापक के तौर पर अपनी सेवाएं दी। लगभग छह वर्षों तक विभिन्न महाविद्यालयों में जिन में राजकीय महाविद्यालय नरवाना, राजकीय महाविद्यालय सफीदों, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा, राजकीय महाविद्यालय उकलाना एवं राजकीय कालेज उगालन में बतौर प्राचार्य अपनी सेवाएं दी। डा. कौशल ने महाविद्यालय में प्राचार्य का कार्य भार संभालने के बाद कहा कि हम सब मिलकर एक परिवार की तरह राजीव गांधी महाविद्यालय को आगे बढने का कार्य करेंगे।

### जरूरतमंद बच्चों की पहचान के लिए साथी अभियान शुरू

**जींद।** जिले के असहाय और बेसहारा बच्चों की पहचान कर उन्हें सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से साथी अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शुरू किया गया । साथी अभियान के तहत झुग्गी झोपड़ी बस्ती नजदीक पीजीआई में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ता देवराज मलिक ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों का आधार नामांकन, कानूनी सहायता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। ये समिति विशेष रूप से ऐसे बच्चों की पहचान और सहायता के लिए काम करती है जो तस्करी, बालश्रम या भिक्षावृति से मुक्त करवाए गए हो। सड़को पर रहने वाले लावारिस या परित्यक्त हो, अकेले हो या कानून के साथ टकराव में हो और जिनके पास कोई समर्थन प्रणाली न हो और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत देखभाल और संरक्षण की श्रेणी में आते हो। उन्होंने बताया कि साथी अभियान के तहत बेसहारा बच्चों की पहचान करके उनके आधार कार्ड बनवाए जाएंगे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की बैठक प्रधान राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया । समाजहित में समर्पित इन पदाधिकारियों ने पद की जिम्मेदारी संभालते समाज सेवा को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित समाजसेवियों को सम्मिलित किया है जो समाज की एकता, शिक्षा, सहयोग और सांस्कृतिक विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को आज प्रधान राजकुमार गोयल द्वारा पटके पहनाकर स्वागत भी किया गया। प्रधान राजकुमार गोयल ने नई कार्यकारिणी का गठन करते रामधन जैन को महासचिव, सावर गर्ग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पवन बंसल को कोषाध्यक्ष, दीपक गर्ग को प्रेस सचिव, मनीष गर्ग को सचिव, रजत सिंगला को प्रचार सचिव, गोपाल जिंदल को संगठन सचिव, राजेश गोयल को संयुक्त सचिव, बजरंग लाल सिंगला को सहसचिव, जयभगवान सिंगला को सह सचिव की जिम्मेवारी दी है।



जींद। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाते राजकुमार गोयल।



जींद। जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### मलेरिया मुक्त गांव बनाने की शपथ ली

**जींद।** सीएचसी कंडेला मेंमलेरिया रोधी माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मलेरिया मुक्त गांव बनाने को लेकर शपथ ली। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने एरिया के गांव में रुके हुए गंदे पानी, गली की नलियों जिनमे पानी रुकता है कि जाँच करें ओर उनको खाली करने के लिए जो भी जरूरी कदम जैसे पानी खाली करवाना, गड्ढे में मिट्टी डलवाना, रुके पानी में काला तेल, डीजल या मिट्टी का तेल डालना, गली की नालियों की सफाई करवाना उचित समझें। क्योंकि मलेरिया एक मच्छर से फैलता है, जिसको मादा एनफिलज कहते हैं। यह मच्छर गंदे पानी मे जैसे नलियों में रुका पानी, गड्ढों में रुका पानी, हमारे घरों में रुका गंदा पानी, तालाबों में अंडे देकर अपना जीवन चक्र पूरा करता है और किसी बीमार व्यक्ति को काट कर उसके परजीवी को किसी स्वस्थ व्यक्ति को काट कर उसके खून में प्रवेश करवा देता है। जिससे कुछ ही दिन में स्वस्थ व्यक्ति को सर्दी के साथ तेज बुखार हो जाता है और पसीने के साथ उतर जाता है।

### आप कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**नरवाना।** पंजाब और गुजरात में उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश महिला अध्यक्ष रजनीश जैन पहुंची। आप के कार्यकर्ताओं द्वारा मीटिंग में फैसला लिया गया की सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए और आए दिन महंगाई के कारण आम आदमी को घर चलाना पहले ही मुश्किल हो रहा है एबिजली के दाम बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोडना चाहती हैए हम सरकार से निवेदन करते हैं कि यह बड़ी हुई बिजली की दर तुरंत वापस ली जाए। अन्यथा आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेगी।हम सरकार से निवेदन करते हैं कि आए दिन मर्डर व डकैती की घटनाएं हरियाणा में बढ़ रही हैं ।हम प्रशासन और सरकार से मांग करते हैं एकि ऐसी घटनाएं भविष्य में आगे ना घटे । इन पर नियंत्रण करने का काम सरकार का है पहले जींद में शराब कारोबारी की हत्या और सोमवार देर रात को पटेल नगर में रहने वाले युवक की निर्मम हत्या यह उजागर करती है कि हरियाणा में जैसे कानून नाम की कोई चीज नहीं है लोगों में भय और आतंक छाया हुआ है।



नरवाना। लड्डू खिला कर खुशी व्यक्त करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। सफाईकर्मी को रिक्शा देते गांव की सरपंच रीमा देवी।

### सरपंच ने सफाईकर्मी को सौंपी रिक्शा

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के जैजैवंती गांव की सरपंच ने सफाईकर्मी को सफाई व्यवस्था में सुधार करने के लिए रिक्शा दी। जैजैवंती की सरपंच रीमा देवी ने बताया कि गांव में सफाई का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए रिक्शा दी गई है। रिक्शा पर 24500 रुपये की लागत आई है। सरपंच रीमा देवी ने गांव की सफाईकर्मी शीला देवी को रिक्शा दी है। रीमा देवी ने कहा कि गांव में सफाई व्यस्था का जनाजा निकला हुआ था। घरों के बाहर कुड़े के ढेर लग जाते थे। नालियों में भी गंदगी जमा हो जाती थी जिससे बीमारी फैलने का खतरा लगातार मंडराता रहता था। ग्राम पंचायत ने सर्वसम्मति से फैसला किया कि सफाईकर्मी को रिक्शा दी जाए ताकि सफाई का काम सुचारू रूप से हो सके।





जुलाना। खेड़ाबख्ता गांव में किसानों को जागरूक करते डा. सूरजमल।

### धान की सीधी बिजाई के लिए किया प्रेरित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के खेड़ाबख्ता गांव में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी डा. सूरजमल ने की। शिविर में डा. सूरजमल ने बताया कि किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर सीधी बिजाई का पंजीकरण करवाने पर 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ-साथ किसानों को जल शक्ति अभियान, मेरी फसल, मेरा ब्यौरा का पंजीकरण करवाने, फसल अवशेष प्रबंधन, विभाग की विभिन्न स्कीमों जैसे मेरा पानी मेरी विरासत पर 8000 अनुदान आदि की जानकारी व मिट्टी की जांच करवा कर उचित मात्रा में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने बारे भी जागरूक किया गया। डा. सुरजमल ने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने से समयए मजदूरी की बचत होती है और पानी की खपत भी 15 से 20 प्रतिशत कम होती है। कृषि विभाग से रमेश, बिजेंद्र, हेमंत व खेड़ाबख्ता के काफी किसान उपस्थित रहे।

## जॉब सुरक्षा का पत्र जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एचकेआरएन (हरियाणा कौशल रोजगार निगम) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अनीता ढुल और नवीन मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की । इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कर्मचारियों ने अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अबतक किसी भी विभाग में जॉब सुरक्षा पत्र जारी नहीं किया है। उनका कहना है कि यह पत्र जल्द से जल्द जारी किए जाने चाहिए ताकि कर्मचारियों को रोजगार की स्थिरता मिल सके। कर्मचारियों ने यह भी सवाल उठाया कि अब तक कोई एसओपी जारी नहीं की गई है। जो कर्मचारियों के कामकाजी हालातों को स्पष्ट कर सके। एसओपी के जल्द जारी होने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि एचकेआरएन के तहत कार्यरत तीन वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे कर्मचारियों को भी जॉब सुरक्षा पत्र मिलने चाहिए और इसके लिए सरकार को विचार करना चाहिए। कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि जिन कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया था, उन्हें पुनः रोजगार पर बुलाया जाना चाहिए ताकि वे अपनी आजीविका कमा सकें।



जींद। सीआरएसयू में बैठक करते एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारी।



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

**उचाना।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में बूथ स्तर पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने डा. मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अत्री ने कहा कि मोदी सरकार डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के देखे गए सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की जिस मशाल को प्रज्वलित किया, आज वही मशाल भाजपा को करोड़ों परिवारों का विश्वास और समर्थन दिलाने वाली शक्ति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि डा. मुखर्जी ने एक देश-एक विधान, एक निशान का जो सिद्धांत दिया है, उसी आदर्श को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है। हरियाणा की नायब सरकार भी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सुशासन और जनसेवा के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

## सरकार ने आत्मनिर्भर के साथ मजबूत भारत की नींव रखी

# पीएम मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक फैसले लिए: टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश मंत्री चरखी दादरी जिले के प्रभारी डा. भारत भूषण टाक ने संकल्प से सिद्धि की ओर 11 साल बेमिसाल यात्रा के तहत सफीदों हलके के गांव सिंगना, पाजू कलां, पाजू खुर्द, सफीदों शहर में अनुसूचित चौपाल बैठक करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्षों की सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के साथ-साथ मजबूत भारत की नींव रखी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में पहचान बनी है। मोदी सरकार के 11 वर्षों को विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का बताया। डा. भारत भूषण टाक मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को गिनवाते कहा कि स्तर पर अनुसूचित एवं वंचित समाज को विशेष पहचान देने का गौरव भी भारत के प्रधानमंत्री को जाता है। अनुसूचित समाज के महापुरुषों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने में केंद्र की सरकार और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई कसर नही छोड़ी। महापुरुषों के नाम पर अनेक योजनाओं को लागू किया। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी और वैश्विक मंच पर सशक्त राष्ट्र की पहचान बनाई। यही कारण है कि आज विकसित भारत और अमृतकाल जैसे संकल्प जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। इन 11 वर्षों में मोदी सरकार कार ने कांग्रेस के समय से चली आ रही तुष्टिकरण की राजनीति को बंद करके परफार्मेंस की राजनीति में बदला है। डा. टाक ने कहा कि पीएम मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक और निर्णायक फैसले लिए हैं। देश की जनता कहने लगी है कि मोदी है तो मुमकिन है। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक छवि को विश्व में स्थापित किया है। कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की बात होती थी। लोगों के बैंक खातों में योजनाओं का लाभसीधा पहुंच रहा है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड से गरीब लोगों का मुफ्त इलाज हो रहा है। मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में भारत लीड कर रहा है। हरियाणा में नायब सरकार गरीब परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दे रही है। हरियाणा में 1668 अस्पतालों में चिरायु और आष्युमान कार्ड से लोगों का इलाज हो रहा है।



जींद। संकल्प सिद्धि अभियान के तहत भारतभूषण टांक कार्यकर्ताओं के साथ।



जींद। शिविर के दौरान सांसकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**जींद।** 15 हरियाणा बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नौवे दिन एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित ड्रिल प्रतियोगिता और रोमांचक गतिविधि थी। जिसमें कैडेटों ने ड्रिल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता कैडेटों के लिए एक मूल्यवान अनुभव था। जिसने उनके अनुशासन, नेतृत्व और टीम वर्क कौशल में सुधार किया। संध्याकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार के नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए। जो उनकी संस्कृति और परंपरा को दर्शाते हैं। उन्होंने नाटक और स्किट के माध्यम से सामाजिक मुद्दों और समस्याओं को उजागर किया। समारोह के मुख्यअतिथि प्राचार्य पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी धनीराम शर्मा ने कहा कि आज के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया है। कैडेट्स ने कैंप के दौरान अपनी एकता और अनुशासन की भावना को भी दिखाया है। वो उम्मीद करते हैं कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे।

## खबर संक्षेप

### विशेष कार्यशाला का आयोजन किया

**पूंडरी।** भाजपा की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि के तहत पूंडरी मंडल के शक्ति केंद्र 1, बूथ नंबर 103 पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा की जनहितकारी योजनाओं, सुशासन व विकास कार्यों को विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा गया।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में सांसद ने लिया भाग

**पूंडरी।** आज मुंबई में आयोजित संसद और राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की लेखा समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन में कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने भाग लिया। यह सम्मेलन लोक व्यय और राष्ट्रीय विकास जैसे अहम विषयों पर आधारित था, जिसमें देशभर के सांसदों और विधायकों ने सहभागिता की। सांसद नवीन जिंदल ने इस अवसर को विशेष बताते हुए कहा किमेरे लिए यह एक भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण था।

### बीडीपीओ देंगे ड्रेनों की सफाई की रिपोर्ट

**कैथल।** डीसी प्रीति जिले में ड्रेनों की साफ-सफाई को लेकर गंभीर हैं। वे ड्रेनों, नालों व सीवरेज की सफाई कार्य की लगातार निगरानी कर रही हैं। स्वयं ड्रेनों के निरीक्षण के बाद अब बीडीपीओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने गांवों के क्षेत्रों में आने वाली ड्रेनों की साफ-सफाई संबंधी रिपोर्ट डीसी कार्यालय को भेजें। डीसी प्रीति ने इस बार मानसून से पहले जिले भर के नालों, ड्रेनों व सीवरेज की साफ-सफाई के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए थे।

### जागरूकता अभियान चलाने की रूपरेखा तय

**कैथल।** डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश द्वारा ट्रैफिक पुलिस में तैनात कर्मचारियों की मीटिंग ली। जिसमें नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने के साथ जागरूकता अभियान चलाने की रूपरेखा भी तय की गई। ट्रैफिक पुलिस के साथ मीटिंग दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि आमजन के साथ यातायात पुलिस कर्मचारियों को नम्रतापूर्वक व्यवहार कर उनका सहयोग लेकर यातायात व्यवस्था

### फ्री बनवाएं आधार कार्ड और पुराना कराएं अपडेट

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) के कर्मचारी परिवार पहचान पत्र के साथ-साथ आधार कार्ड भी बनाते हैं। सुविधा नपा कैथल, बीडीपीओ कार्यालय कैथल, बीडीपीओ कार्यालय चीका, बीडीपीओ कार्यालय सीवन, नपा कलायत, नपा राजौंद, बीडीपीओ व नपा कार्यालय पूंडरी तथा तहसील कार्यालय ढांड में उपलब्ध है।

### कराटे फाइट लीग में बेटियों ने लहराया परचम

**पूंडरी।** कराटे फाइट लीग में सुपर गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली 2 बेटियों कृतिका सिरसवाल पुत्री विक्रम सिरसवाल और सोनम सिरसवाल पुत्री रवि सिरसवाल को आज राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ की जिलाध्यक्ष व भाजपा महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन ने शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। कृतिका को न केवल प्रथम स्थान मिला बल्कि 5000 रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई।

### चचेरी बहन से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कैथल।** जिले के एक गांव में एक युवक पर उसकी 19 वर्षीय चचेरी बहन से ही दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। इस मामले में महिला थाना की पुलिस ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। इस संदर्भ में महिला थाने में दी है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**गुहला चीका।** गुहला विधानसभा के बूथ नंबर 70 पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया।कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित जिंदल ने किया। बूथ समिति और युवा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बढ़सीकरी कलां में लाखों रुपये के बजट से लगाया था

# पेयजल पंपसेट 4 माह से बंद बूंद-बूंद के लिए तरस रहे लोग

**बोर लग जाने के बाद भी गांव में पीने के पानी की समास्या ज्यों कि त्यों**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत



**कलायत।** गांव बढ़सीकरी कलां में बंद पड़े पंप सैट को दिखाते ग्रामीण।

कलायत के गांव बढ़सीकरी कलां में लाखों रुपये के बजट से लगाया गया पेयजल पंपसेट पिछले करीब चार माह से सफेद हाथी बना है। ऐसे में भीष्ण गर्मी के बीच ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल की भारी समस्या है। इसके मद्देनजर सरकार ने पंपसेट लगाने के लिए बजट जारी किया। सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रपाल सिंह बताया कि योजना के तहत जन स्वास्थ्य विभाग ने गांव में पेयजल समस्या निवारण का दावा करते हुए पंपसेट लगाया है। विभाग द्वारा इसकी गहराई 1200 फीट बताई जा रही है। ग्रामीण यह आस लगाए बैठे थे कि जल्द उन्हें निर्बाध पेयजल सप्लाई मिलेगी। ऐसा नहीं हो पा रहा। बोर लग जाने के बाद भी गांव में पीने के पानी की समास्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। इसकी वजह पंप का पेयजल सप्लाई न दे पाना है।

इन हालातों में लाखों रुपये बजट की योजना जमीन में दबकर रह गई है। पेयजल सप्लाई देने में विफल पंप सैट को लेकर ग्रामीणों में गुस्सा है। चंद्रपाल राठी, मुनीम, सोनू, बसाऊ शर्मा, प्रवीन राठी, कुलदीप और संदीप ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिरकार किस मकसद से विभाग ने योजना पर राशी व्यय की। उन्होंने पेयजल योजना की सिरे से जांच करवाने की मांग की। इस संबंध में प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी शिकायत देने का निर्णय लिया गया है। इसमें संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा पूर्व और वर्तमान में किए जा रहे कार्यों को कसौटी पर परखने की मांग उठाई जाएगी।

#### क्रियाशील हो जाएगा पंप सैटः पूनियां

*जन स्वास्थ्य विभाग कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया ने बताया की गांव बड़सीकरी कलां में पेयजल आपूर्ति के लिए जो नया बोर लगाया गया है। इसकी गहराई 1200 फीट है। पंप सैट को चलाने के लिए जो मोटर आई है वह 25 एचपी की है। यह मोटर पंप से पानी नहीं उठा पा रही। विभागीय अधिकारियों से 40 एचपी की मोटर उपलब्ध करवाने की मंजूरी ली जा रही है। एक दो दिन में कार्यकारी अभियंता के माध्यम से यह कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। उपांत पूरी मात्रा में ग्रामीणों को पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि गांव में पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से सुचारु है। यह बोर तो अपेक्षाकृत और बेहतर सप्लाई के लिए लगाया गया है।*

# नवोदय में दाखिले के आवेदन जारी

- कक्षा छठी में प्रवेश पाने के लिए 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य सुचिता गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव तितरम स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश पाने के लिए आगामी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन आगामी 13 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि विद्यार्थी जिस जिले के मूल निवासी हैं और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उसी जिले में स्थित सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से पांचवी कक्षा का अध्ययन किया होना चाहिए, जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हैं और वो उस नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शैक्षणिक सत्र का अध्ययन किया हो और सरकारी / सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 3 और 4 उत्तीर्ण की हो और जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए।

#### प्रतिभाशाली बच्चों को निः शुल्क शिक्षा

प्रधानाचार्य सुचिता गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक सह-शैक्षिक तथा पूर्णतः आवासीय, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग आवास की सुविधा, भोजन, पाठय पुस्तकें, आदि के साथ निः शुल्क शिक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए पाठ्य सहगामी गतिविधियां, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड आदि गतिविधियां करवाई जाती हैं।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

एनएसएस ईकाई द्वारा पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल में राज्य स्तरीय एनएसएस साप्ताहिक कैंप का शुभारंभ हुआ। विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इस शिविर में जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, सोनीपत आदि जिलों से लगभग 210 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। मंच संचालन का कार्यभार संस्कृत शिक्षिका संजू आर्या व सुलेखा द्वारा संभाला। प्रधानाचार्या द्वारा स्मृति चिह्न व फूलमाला द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी । विद्यालय की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## भाजपा वर्ग विशेष की पार्टी नहीं: ज्योति सैनी

**कैथल।** भाजपा कार्यालय कपिल कमल में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी को वाल्मीकि समाज द्वारा पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने समाज को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनका ध्यान संगठन और सरकार में रखा जाएगा। हरियाणा सरकार वाल्मीकि समाज के साथ तन मन से खड़ी है और उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार और संगठन आपके समाज के साथ खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है।

# श्रद्धा और भक्ति का दिया संदेश

- सती चरित्र, ध्रुव कथा और प्रह्लाद की आस्था पर आधारित प्रसंगों की अमृतवर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका



**गुहला चीका।** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ करते समाजसेवी संदीप बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

श्री भवानी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी संदीप बंसल उर्फ सिप्पो ने अपने परिवार सहित ज्योति प्रज्वलित कर किया। कथा व्यास पूज्य रश्मि मिश्रा जी ने कथा का संचालन करते हुए कई प्रेरणादायक प्रसंगों की अमृतवर्षा की। उन्होंने सती चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि भगवान शिव की आज्ञा न मानने पर सती ने अपने पिता दक्ष के घर जाकर उनका अपमान सहा, जिसका परिणाम यह हुआ कि सती को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। यह प्रसंग त्याग, आस्था और मर्यादा की सीख देता है। इसके बाद ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने समझाया कि किस प्रकार सौतेली मां सुरुचि द्वारा अपमानित होने पर भी ध्रुव की माता सुनीति ने धैर्य बनाए रखा। यह दर्शाता है कि परिवार को बचाए रखने के लिए संयम अत्यंत आवश्यक है। ध्रुव की बाल्यावस्था में की गई तपस्या और श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा के माध्यम से बताया गया कि भक्ति की कोई उम्र नहीं होती – यह बचपन से ही शुरू की जानी चाहिए क्योंकि बचपन को जैसा चाहें वैसा आकार दिया जा सकता है। व्यास जी ने अजामिल उपाख्यान के माध्यम से यह भी समझाया कि पाप करने के बाद प्रायश्चित द्वारा मोक्ष संभव है, और भागवत इसे एक श्रेष्ठ उपाय बताता है।

# सरकार विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील

- जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल ने की आंदोलनरत विद्यार्थियों से बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड



**ढांड।** कैथल जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल एचएयू कौल के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए *फोटो : हरिभूमि*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कौल में बीते 14 दिनों से धरने पर बैठे छात्रों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। हिसार विश्वविद्यालय में छात्रों पर लाठीचार्ज और अन्य मांगों को लेकर चल रहे इस आंदोलन को लेकर मंगलवार को कैथल जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल भी धरनास्थल पर पहुंचे। कौल ने छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि सरकार विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए अपील की कि आंदोलन को राजनीतिक रंग न दिया जाए, क्योंकि छात्र ही देश का भविष्य हैं और उनकी पढ़ाई सबसे ज़रूरी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार छात्रों की सभी जायज़ मांगें मानने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी शिक्षा के क्षेत्र को लेकर काफी संवेदनशील हैं और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कड़े फैसले ले रहे हैं। कौल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल छात्रों के आंदोलन को भी राजनीति का मंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्रों को हो रही बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं पर बात करते हुए कर्मबीर कौल ने बताया कि उन्होंने विश्वविद्यालय के प्राचार्य ओ.पी. चौधरी से शौचालय, पानी और बिजली की समस्याओं को लेकर चर्चा की है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर बात की है और उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रावासों में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए लड़कों और लड़कियों के होस्टलों में अलग-अलग दो समरसिबल बोर एक महीने के भीतर लगाए जाएंगे।

# विधायक के निर्देश पर नाले की सफाई शुरू

- वर्षों पुराने नाले अवरुद्ध की समस्या का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



**पूंडरी।** जेसीबी मशीन दुकानों के सामने बने रैम्प उखाड़ती हुई। *फोटो : हरिभूमि*

पूंडरी के मुख्य बाजार और कौशिक मार्केट में वर्षों से चली आ रही नाले अवरुद्ध व दुकानों के सामने पानी जमा होने की गंभीर समस्या का अब समाधान शुरू हो गया है। क्षेत्र में हल्की बारिश होते ही सड़कें जलमग्न हो जाती थीं और दुकानदारों की दुकानों के सामने पानी भर जाने से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ता था। दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या की शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी।हाल ही में दुकानदारों ने इस मुद्दे को विधायक सतपाल जांबा के समक्ष उठाया। विधायक ने तुरंत अधिकारियों के साथ मार्केट का दौरा किया और स्थिति का जायजा लेने के बाद आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके तहत जेसीबी मशीन की मदद से दुकानों के आगे बने अवैध रैंपों को हटाकर नाले की सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है।दुकानदार अशोक कुमार, सुनील, नरेश, मामचंद, सुरेश और करतार सिंह ने बताया कि नाले में वर्षों से गंदगी जमी हुई थी, जिससे बरसाती पानी की निकासी अवरुद्ध हो रही थी। नतीजतन पानी सड़कों पर और दुकानों के सामने जमा हो जाता था, जिससे ग्राहकों की आवाजाही में दिक्कत आती थी और व्यवसाय पर असर पड़ता था। अब नाले की सफाई शुरू होने से सभी दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

इस अभियान में मार्केट कमेटी के साथ-साथ फतेहपुर पंचायत भी सक्रिय सहयोग कर रही है। सफाई कार्य को व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है ताकि भविष्य में यह समस्या फिर से न उभरे।

#### नियमित सफाई होगी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि वे शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के प्रति लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि शहर की नालियों की सफाई के लिए विशेष मशीन भी मंगवाई गई है, जो नियमित रूप से सफाई का कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में पूंडरी शहर को जलभराव जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

# आप की जीत पर लड्डू वितरित किए

- कहा : ये बदलाव की शुरुआत है, भाजपा का अंत निकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** विजय उत्सव मनाते आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

आम आदमी पार्टी को विसावदर (गुजरात) और लुधियाना पश्चिम (पंजाब) विधानसभा उपचुनावों में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इसी कड़ी में कैथल जिले के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय (गुलमोहर सिटी के पास, देवीगढ़ चौक) पर एकत्र होकर विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ जीत का जश्न मनाया। विजय उत्सव के बाद एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा और वरिष्ठ नेता मास्टर सतबीर गोयत मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों राज्यों में पार्टी की जीत को आम जनमानस की जीत करार दिया और आने वाले विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल बताया। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने कहा कि गुजरात और पंजाब में मिली जीत यह दर्शाती है कि देश की जनता अब आम आदमी पार्टी को एक मजबूत और ईमानदार विकल्प के रूप में देख रही है। हरियाणा में भी लोग भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुके हैं। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली के बढ़ते बिल और कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति ने आम नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया है।

### जल्द से जल्द शहर के सभी पार्कों का निरीक्षण करने के आदेश

# पार्कों की हालात में सुधार लाने के निर्देश दिए

- पार्कों में बैंच, लाइट व साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें अधिकारी
- कोई भी बिजली की तारों का प्वाइंट खुला न छोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी प्रीति ने निकाय विभाग के अधिकारियों को पार्कों में साफ-सफाई व अन्य रखरखाव संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि शहर के कई पार्कों में रखे गए बैंच, हाई मास्क लाइटों, साफ-सफाई व ओपन जिम में रखे उपकरणों की हालत में सुधार की आवश्यकता है। निकाय अधिकारी जल्द से जल्द शहर के सभी पार्कों का निरीक्षण करें और पार्कों की व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में घास ज्यादा तेजी से बढ़ती है, इसलिए इसकी कटाई नियमित रूप से करवाते रहें। इसके अलावा शहर में जो भी स्ट्रीट लाइट खराब हैं, उसकी समय पर मुरम्मत होती रहे और कोई भी बिजली की तारों का प्वाइंट खुला न छोड़े। इसी प्रकार उन्हें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे भी अपने अधीन आने वाले पार्कों व ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण करें। वहां पर जो भी कमियां पाई जाएं, उन्हें जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाए।

#### शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले

*डीसी प्रीति ने कहा कि नागरिकों के लिए स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पार्कों का निर्माण किया जाता है। सभी पार्कों में लोगों के बैठने, पेयजल, शौचालय तथा लाइट की व्यवस्था होनी जरूरी है। पार्कों में नियमित रखरखाव सुनिश्चित करें। समय पर सफाई की जाए। सभी पार्कों में कूड़ेदान की व्यवस्था और पौधों की देखभाल की जाए। डीसी प्रीति ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईमास्ट लाइटों को चैक करने के लिए शाम के समय पार्कों का निरीक्षण किया जाए। यदि कोई लाइट खराब मिलती है तो उसे जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।*

# कॉलेजों में कल जारी होगी पहली मेरिट सूची

हरिभूमि न्यूज. कैथल

- मिशन एडमिशन : तैयारियों के तहत मेरिट सूची की जानकारी के लिए भी बनाए गए हैं हेल्प डेस्क
- जिले के 15 सरकारी व निजी कॉलेजों में है करीब 9500 सीटें

कालेज में दाखिला लेने वाले युवा व युवतियों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से कॉलेजों में वीरवार को कॉलेजों में पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके लिए जिलेभर के कॉलेजों में तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। इन तैयारियों के तहत मेरिट सूची की जानकारी के लिए भी हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। इन हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। जिले के 15 सरकारी व निजी कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष करीब 9500 सीटें हैं।

**सूचना**

मैं, बलवंत पुत्र श्री बलदेव निवासी गांव बुढा खेड़ा लाठर तह. जुलाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मुनेन्द्र व लड़की बबीता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सहकारिता मंत्री आज कैथल में

**कैथल।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा बुधवार को कैथल जिले में दो कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सबसे पहले दोपहर 3:00 बजे सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम ब्राह्मण धर्मशाला परशुराम चौक कैथल में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री शाम 6:00 बजे जाखौली अड्डा स्थित अग्रसेन धर्मशाला में आपातकाल के काले अध्याय का 50 साल विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### विवाहिता बेटे संग हुई लापता

**कैथल।** कैथल शहर से एक विवाहिता अपने बेटे के साथ बिना बताए घर से चली गई। अर्जुन नगर कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 जून को सायं के समय उसकी पत्नी उसके बेटे के साथ बिना बताए घर से चली गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल वर्षा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता लाखों की नकदी और जेवर लेकर फरार

**कैथल।** शहर के एक कॉलोनी से एक विवाहिता लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर घर से फरार हो गई। कैथल की एक कालोनी के एक व्यक्ति ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जून को उसकी 30 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उसने बताया कि उसकी पत्नी अपने साथ लाखों रुपए और जेवरात भी ले गई। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में गांव जाजपुर से एक युवती बिना बताए घर से लापता हो गई। जाजनपुर के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 22 जून को उसकी 19 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। जांच अधिकारी एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हॉकी सब जूनियर प्रतियोगिता में कैथल की टीम रही प्रथम

**जींद।** नवदीप स्टेडियम में आठवीं सब जूनियर व 18वीं जूनियर पांच दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का सोमवार देर शाम फाइनल मुकाबले हुए। स्टेडियम इंचार्ज व कोच डा. संदीप गोयत ने बताया कि प्रतियोगिता के पांचवे दिन फाइनल मुकाबले का शुभारंभ करवाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में स्वतंत्र समूह सेवा समिति प्रधान कृष्ण श्योकंद व समाजसेवी दरवेश पुनिया पहुंचे। सब जूनियर प्रतियोगिता में कैथल ने जींद को 3-2 से हराया। इस प्रकार जींद ने द्वितीय स्थान व कुरुक्षेत्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर प्रतियोगिता में सोनीपत ने कैथल को 6-1 के अंतर से करारी हार दी। जूनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोनीपत, दूसरे स्थान पर कैथल व तीसरे स्थान पर जींद रहा। मुख्यातिथि कृष्ण श्योकंद और समाजसेवी दरवेश पूनिया ने कहा कि खेलकूल प्रतियोगिता में हार.जीत लगी रहती है।

फिजिकल डिस्टेंसिंग की कवायद, नही देखने को मिली कहीं भी

# कोरोना संक्रमितों की जांची ट्रैवल हिस्ट्री केदारनाथ की यात्रा करके लौटे थे वापस

■ अब भी नहीं सुधरे तो कोरोना संक्रमण को बढ़ाने में हम होंगे जिम्मेवार

*मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मरीजों तथा तीमारदारों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अस्पताल में कहीं भी फिजिकल डिस्टेंसिंग देखने को नहीं मिली। ओपीडी पर्ची, दवा काउंटर, चिकित्सकों के कमरों के बाहर लोगों की भारी भीड़ रही। हालांकि वहीं चिकित्सा अधिकारी लगातार मास्क पहनने व फिजिकल डिस्टेंसिंग रखने की बात कर रहे हैं। पांच कोरोना संक्रमित मरीज स्वास्थ्य विभाग को मिल चुके हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वास्थ्य विभाग को सोमवार को जांच में मिले चार कोरोना पॉजिटिव की स्वास्थ्य विभाग ने ट्रेवल हिस्ट्री जानी है। दो कोरोना संक्रमित केदारनाथ यात्रा से लौटे थे।

फिलहाल सभी कोरोना संक्रमित घर पर ही आइसोलेट हैं और सभी संक्रमितों के स्वास्थ्य पर विभाग नजर रखे हुए हैं। इसके साथ ही चिकित्सक टीम ने कोरोना संक्रमितों के परिजनों से भी पूछताछ कर जानकारी हासिल की। वहीं मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मरीजों तथा तीमारदारों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अस्पताल में कहीं भी फिजिकल डिस्टेंसिंग देखने को नहीं मिली।

ओपीडी पर्ची, दवा काउंटर, चिकित्सकों के कमरों के बाहर लोगों की भारी भीड़ रही। हालांकि वहीं चिकित्सा अधिकारी लगातार मास्क पहनने व फिजिकल डिस्टेंसिंग रखने की बात कर रहे हैं। पांच कोरोना संक्रमित मरीज स्वास्थ्य विभाग को मिल चुके हैं। बावजूद इसके अगर अब भी हमने अपनी आदतों में सुधार नहीं किया तो कोरोना संक्रमण को बढ़ाने में हम स्वयं जिम्मेवार होंगे।



जींद। नागरिक अस्पताल में एक-दूसरे से सटकर दवा लेते हुए मरीज व उनके तिमारदार। फोटो :हरिभूमि

### बदलता मौसम दे रहा सर्दी, खांसी, बुखार को बढावा

इस समय मौसम दिन के समय बेहद गरम रह रहा है। जबकि मंगलवार को हलकी बूंदाबांदी भी हुई। जिससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। लोगों में सर्दी, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द की शिकायत भी आम है। यही सब लक्षण कोरोना से भी मिलते जुलते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे कोई भी व्यक्ति को या उसके परिवार के अन्य सदस्यों को जिन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद या गंध नहीं आने की शिकायत है तो ऐसे लोगों को तत्काल प्रभाव से उपचार करवाना चाहिए।

### पौष्टिक खाना जरूरी : डा. सुमन कोहली

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि जैसे पहले लोग कोरोना को लेकर सावधानियां बरतते थे वैसे ही अब भी सावधानी बरतनी जरूरी है। आमजन को चाहिए कि फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क व इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर पौष्टिक खाना खाएं। अस्पताल में भी फिजिकल डिस्टेंसिंग मेनटेन करवाई जा रही है। कोविड को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। बुखार, सर्दी, खांसी होने पर अपने मन से एंटीबायोटिक्स न लें।

### अस्पताल में लगने वाली भीड़ पर करना होगा कंट्रोल

नागरिक अस्पताल में हर समय जगह-जगह भीड़ लगती है। ऐसे में भीड़ के साथ फिजिकल डिस्टेंसिंग की पालना हो, इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। हालांकि विभाग के पास आउटसोर्स के तहत बहुत से कर्मचारी हैं लेकिन कई बार कामचोरी के चलते यह कर्मचारी दिखाई नहीं देते। सुबह ओपीडी तथा दवा खिड़की के सामने व्यवस्था बनाने के लिए आउटसोर्स कर्मी ढूंढे से भी नहीं मिलते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने बचाव को लेकर यह उठाए कदम

1. स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के तहत आमजन को बीमारी के बारे में पता चल सके।
2. स्वास्थ्य विभाग ने पुरानी बिल्डिंग में स्पेशल कोरोना वार्ड बना दिया है।
3. हालांकि जींद अस्पताल 200 बैड का है और प्रत्येक बैड पर ऑक्सीजन की सुविधा है। ऑक्सीजन व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता किया जा रहा है।
4. नागरिक अस्पताल में ओपीडी व दवा खिड़की पर ज्यादा भीड़ रहती है। यहां फिजिकल डिस्टैंसिंग को लेकर आउटसोर्स स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी।



जींद। जुलानी में बिजली अदालत में समस्याएं सुनते एसई मदन लाल सुखीजा।

# बिजली अदालत को ग्रामीण एरिया में मिला अच्छा रिस्पांस

■ 10 में से सात शिकायतों का मौके पर ही समाधान

हरिभूमि न्यूज. जींद

जींद सर्कल में आयोजित की जा रही बिजली अदालतों को ग्रामीणों का बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है। ग्रामीण इसमें बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रख रहे हैं। निगम द्वारा भी ग्रामीणों की शिकायतों पर तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को जुलानी गांव में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया गया। इसमें निगम के जींद सर्कल के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने ग्रामीणों की बिजली से जुड़ी समस्याएं सुनी। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता विकास मलिक, उपमंडल अधिकारी गुलशन कुमार मौजूद रहे। बिजली अदालत में काफी संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। इस मौके पर गलत बिलिंग, ब्याज माफी योजना, बिजली लाइनों को स्थानांतरित करना, वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। इसके बाद बिजली बिलों, ब्याज माफी योजना, खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी गुलशन कुमार को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांतरण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली अदालत में बिजली बिलों और ब्याज माफी योजना के तहत बिल ठीक किए जाने की शिकायतें ज्यादा आई। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। बिजली निगम द्वारा अच्छी बिजली आपूर्ति देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं। जिसके तहत गांव गांव में पुराने बिजली के पोल और तारों को बदलकर नए पोल और तारें लगाकर पर्याप्त बिजली सुविधा देना हैं। जिन गांवों में मेरा गांव जगमग गांव योजना का कार्य पूरा किया जा चुका है वहां पर अधिक से अधिक समय यानि 22 से 23 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही हैं।

# किक बॉक्सिंग में रिद्धिमा को मिला बेस्ट फाइटर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

फरीदाबाद में आयोजित 24वीं ऑल हरियाणा स्टेट किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 में भौंगरा गांव के एक ही परिवार के तीन बच्चों ने पांच गोल्ड मेडल जीतकर उचाना क्षेत्र एवं अपने मां बाप का नाम रोशन किया। इस कामयाबी के पीछे इनके दादा समाज सेवी ओमप्रकाश भौंगरा, पिता सुरेंद्र कौशिक एवं मां रितु कौशिक का अहम योगदान रहा है। सगी बहन रिद्धिमा कौशिक, विधिका कौशिक ने प्रतियोगिता में दो-दो गोल्ड मेडल जीते। वहीं इनके छोटे चार वर्षीय भाई निलांश देव भौंगरा ने गोल्ड मेडल जीत कर यह साबित कर दिया है कि बच्चे भी किसी से कम नहीं। तीनों को खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रिद्धिमा कौशिक को बेस्ट फाइटर अवार्ड से सम्मानित किया है। फरीदाबाद सेक्टर 12 खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में 20 से 22 जून तक हरियाणा स्टेट किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया। रोहतक, झज्जर, चरखी दादरी, कैथल समेत ज्यादातर प्रदेश के जिलों के लगभग 400 खिलाडियों ने भाग लिया था। कोच संतोष थापा ने बताया कि विधिका कौशिक ने 10 से 12 आयु वर्ग के 37 किलो भार में किक लाइट बॉक्सिंग व लाइट कॉन्टेक्ट में गोल्ड मेडल जीता। रिद्धिमा कौशिक ने 13 से 15 आयु वर्ग के 55 किलोभार में किक लाइट व लाइट कॉन्टेक्ट में गोल्ड मेडल जीता। सगी बहनों का 27 अगस्त से तमिलनाडु के चैन्नई में आयोजित नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। अब दोनों बहनें नेशनल प्रतियोगिता में पसीना बहाकर गोल्ड मेडल जीत प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। रिद्धिमा कौशिक वूशु सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपना रिकार्ड बना चुकी है। जबकि दोनों बहनें किक बॉक्सिंग में कई बार गोल्ड मेडल जीतकर अपने इलाके का नाम रोशन कर चुकी हैं।



जींद। रिद्धिमा कौशिक को बेस्ट फाइटर अवार्ड से सम्मानित करते हुए खेल मंत्री गौरव गौत्तम व निलांश भौंगर को सम्मानित करते हुए खेल मंत्री गौरव गौत्तम।

# एचकेआरएन कर्मियों ने की बैठक

■ जॉब सुरक्षा का पत्र जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एचकेआरएन (हरियाणा कौशल रोजगार निगम) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अनीता ढुल और नवीन मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कर्मचारियों ने अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अबतक किसी भी विभाग में जॉब सुरक्षा पत्र जारी नहीं किया है। उनका कहना है कि यह पत्र जल्द से जल्द जारी किए जाने चाहिए ताकि कर्मचारियों को रोजगार की स्थिरता मिल सके। कर्मचारियों ने यह भी सवाल उठाया कि अब तक कोई एसओपी जारी नहीं की गई है। जो कर्मचारियों के कामकाजी हालातों को स्पष्ट कर सके। एसओपी के जल्द जारी होने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि एचकेआरएन के तहत कार्यरत तीन वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे कर्मचारियों को भी जॉब सुरक्षा पत्र मिलने चाहिए और इसके लिए सरकार को विचार करना चाहिए। कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि जिन कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया था, उन्हें पुनः रोजगार पर बुलाया जाना चाहिए ताकि वे अपनी आजीविका कमा सकें। पिछले तीन वर्षों से कर्मचारियों की सैलरी में कोई वृद्धि नहीं की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार को इस मामले पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कदम उठाना चाहिए।



जींद। सीआरएसयू में बैठक करते एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारी।



# लकडी से भरा ट्रक पलटा, बाइक नीचे दबी, बाइक सवार बाल-बाल बचे

**राजौंद।** शहर के सरकारी अस्पताल के सामने एक ट्रक सड़क पर कच्ची मिट्टी में धंसने से पलट गया जिसके नीचे एक मोटरसाइकिल भी दब गई। गनिमत यह रही कि ट्रक चालक इसमें बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसार ट्रक के चालक ने बताया कि वह लकड़ी ने बताया कि वह कैथल से लकड़ी भर जा रहा था की। जैसे ही राजौंद के सरकारी अस्पताल के पास पहुंचा तो कच्ची मिट्टी में ट्रक दसने से एकदम ट्रक पलटा खा गया। पास खड़ी एक मोटरसाइकिल भी ट्रक के नीचे दब गई। जबकि दो मोटरसाइकिल सवार लोग ट्रक को आता देख पिछे हट गए और बाल बाल बच गए। ट्रक के चालक कर्म सिंह ने बताया कि सड़क पर कार्य चल रहा हैइसके संदर्भ मार्ग पर पहले न तो कोई बैरीकेड और न ही कोई डायरेक्शन लगाई गई है कि यहां रोड पर कार्य चल रहा है,भारी वाहन इस पर ना आए। यह सरासर विभाग कि व ठेकेदार की लापरवाही है। जिससे उसका हजारों रुपए का नुकसान हो गया है और वह इस हादसे में बाल बाल बच गया।

# कानून व्यवस्था के लिए शून्य सहनशीलता अपनाएं

■ वीसी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) ने दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

प्रदेश में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में एडीसी विवेक आर्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, नगराधीश डा. आशीष देशवाल सहित संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

एडीसी विवेक आर्य ने निर्देश दिए कि जिला में कानून व्यवस्था को लेकर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त न किया जाए। आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार का अवैध मूवमेंट विशेषकर हथियारों और संवेदनशील व्यक्तियों से जुड़ी गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासन और पुलिस विभाग समन्वय बना कर नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं ताकि शराब ठेकों की नीलामी से उत्पन्न होने वाली संभावित अव्यवस्थाओं व आपसी टकराव की आशंकाओं को कम किया जा सके।



निरीक्षण करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रि की विभाग के मुख्य अभियंता टीआर पंवार।

### अधिकारी विभाग के कार्यों में तेजी लाएं : टीआर पंवार

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता टीआर पंवार ने मंगलवार को जींद सर्कल कार्यालय में विभाग के अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली और उन्हें कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये ताकि हर घर में स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल पहुंच सके। इससे पूर्व उन्होंने गांव गतौली के पुराने जलघर व 15 करोड से बनने वाले नये जलघर की साइट, पांच गांव की 35 करोड 87 लाख की परियोजना की साइट का भी निरीक्षण किया व महाग्राम धमतान साहिब पहुंच कर पेयजल व सीवरेज के कार्यों की बारीकी से जांच की। इस मौके पर अधीक्षक अभियंता विक्रम सिंह मोर, कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा, गुरमीत सिंह, प्रशांत शिवानीया, जिला सलाहकार रणधीर मताना मौजूद रहे। टीआर पंवार ने कहा कि जल जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हर उपभोक्ता तक साफ व स्वच्छ जल पहुंचाना विभाग की जिम्मेवारी है। उन्होने निर्देश दिए की सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले के सभी उपभेक्ताओं तक पानी पहुंच रहा है। इसके लिए अधिकारी ज्यादा से ज्यादा फिल्ड विजिट करें।

### गौशाला में गायों के लिए सवामणी लगाकर केक काटकर मनाया अशोक बुवानीवाला का जन्मदिन

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का जन्मदिवस अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना द्वारा राधे श्याम गौशाला में गायों के लिए सवामणी लगाकर सेवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन गोयल ने कहा कि गाय माता में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। गाय माता की सेवा करने से जो पुण्य फल मिलता है वह स्मरणीय है। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य यही था कि वह समाज के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### वाईस चेयरमैन रामप्रसाद ने की पार्षद सतीश से भेंट

**पूंडरी।** पूंडरी नगरपालिका के नव-निर्वाचित वाईस चेयरमैन रामप्रसाद ने वार्ड नंबर 1 से पार्षद और अनाज मंडी पूंडरी के 8 बार के प्रधान रह चुके वरिष्ठ नेता सतीश हजवाना से शिष्टाचार भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। रामप्रसाद ने कहा कि हजवाना ने जिस समर्पण और दूरदर्शिता के साथ समर्थन दिया, वह सराहनीय है। सतीश हजवाना ने यह भी बताया कि विधायक के निवास पर जाने से पहले ही चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी और उनके साथ मौजूद 11 पार्षदों ने आपसी सहमति से रामप्रसाद के नाम पर समर्थन तय कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शहर के विकास को प्राथमिकता देते हुए सामूहिक रूप से लिया गया।

**भ्रमण** | हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद व यूथ एंड इको क्लब बच्चों को लेकर जाएगा भ्रमण पर

# राजकीय स्कूलों के 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी जाएंगे मनाली

■ हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिले के राजकीय स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद व यूथ एंड इको क्लब हिमाचल प्रदेश के मनाली भ्रमण पर लेकर जाएगा। इसके लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी समग्र शिक्षा और खंड शिक्षा अधिकारी के नाम पत्र जारी किया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार विभाग दो बैच में विद्यार्थियों को भ्रमण करवाएगा। पहला बैच 25 जून और दूसरा एक जुलाई को रवाना होगा। जींद जिले के विद्यार्थी दूसरे बैच में जाएंगे। विद्यार्थियों को एक जुलाई को पंचकूला सेक्टर.15 में रिपोर्ट करना होगा। इसके बाद दो जुलाई से छह जुलाई तक विद्यार्थी मनाली में आयोजित कैंप में भाग लेंगे। इसके बाद सात जुलाई को विद्यार्थियों को वापस भेज दिया जाएगा। शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिले से 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसमें 25 छात्र और 25 छात्राएं शामिल होंगी।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### यह रहेंगी गतिविधियां शामिल

इन विद्यार्थियों की देखरेख के लिए उनके साथ एक अध्यापक व एक अध्यापिका भी जाएगी। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को पहाड़ों पर चढना, शूटिंग, तीरंदाजी सिखाया जाएगा। ट्रैकिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, नेचर ट्रेल, रूरल गेम्स, एयर गन शूटिंग, फ न तीरंदाजी, पर्वतारोहण की मूल बातेंए पैरलल रोपए कमांडो ब्रिज जैसी गतिविधियां भी शामिल रहेंगी। इसके अलावा समूह चर्चा, योग, रिपोर्ट लेखन, यात्रा वृतांत लेखन, यात्रा संस्कार लेखन, लोक नृत्य, स्कूल शिक्षा, गीत, रागनी आदि मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित होगी। भ्रमण पर जाने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पोर्टल पर आवेदन करने के लिए कक्षा 9वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को किसी भी क्षेत्र में प्राप्त किए गए प्रतिभा के प्रमाणपत्र और फो टो अपलोड करना होगा। पीएमश्री विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को छोड़ कर सभी विद्यालयों के विद्यार्थी और अध्यापक मनाली भ्रमण के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं।